CS (MAIN) Exam:2016

M–ESC–U–HTY

इतिहास (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

HISTORY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

खण्ड—A / SECTION—A

1. आपको दिए गए मानचित्र पर अंकित निम्न स्थानों की पहचान कीजिए एवं अपनी प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में उनमें से प्रत्येक पर लगभग *30* शब्दों की संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। मानचित्र पर अंकित प्रत्येक स्थान के लिए स्थान-निर्धारण संकेत क्रमानुसार नीचे दिए गए हैं :

   Identify the following places marked on the map supplied to you and write a short note of about *30* words on each of them in your Question-cum-Answer Booklet. Locational hints for each of the places marked on the map are given below seriatim :

   $2\frac{1}{2} \times 20 = 50$

   (i) एक मध्यपाषाणकालीन स्थल

   A Mesolithic site

   (ii) एक नवपाषाणकालीन स्थल

   A Neolithic site

   (iii) एक महापाषाण-ताम्रपाषाणकालीन स्थल

   A Megalithic-Chalcolithic site

   (iv) एक नवपाषाणकालीन स्थल

   A Neolithic site

   (v) एक नवपाषाणकालीन स्थल

   A Neolithic site

   (vi) एक महापाषाणकालीन स्थल

   A Megalithic site

   (vii) बौद्ध पुरावशेषों के लिए ज्ञात एक स्थल

   A site known for Buddhist remains

   (viii) एक हड़प्पाकालीन स्थल

   A Harappan site

   (ix) एक हड़प्पाकालीन स्थल

   A Harappan site

(x) एक हड़प्पाकालीन स्थल

A Harappan site

(xi) एक नवपाषाणकालीन स्थल

A Neolithic site

(xii) एक हड़प्पाकालीन स्थल

A Harappan site

(xiii) एक राजधानी

A capital city

(xiv) एक शैलकृत गुहा स्थल

A rock-cut cave site

(xv) एक परवर्ती हड़प्पाकालीन स्थल

A late Harappan site

(xvi) एक शिक्षा केन्द्र

An educational centre

(xvii) एक मृण्-कला केन्द्र

A terra-cotta art centre

(xviii) एक बंदरगाह

A seaport

(xix) एक राजधानी

A capital city

(xx) एक राजधानी

A capital city

INDIA

WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA



2. (a) भारत में नवपाषाणकाल की प्रादेशिक विशिष्टताओं की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए और उनका कारण भी बताइए।

Delineate and account for the regional characteristics of the Neolithic period in India. 15

(b) समझाइए कि क्या कारण है कि अधिकांश ज्ञात हड़प्पाकालीन बस्तियाँ लवणीय भू-जल वाले अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में अवस्थित हैं।

Explain why the majority of the known Harappan settlements are located in the semi-arid areas with saline groundwater. 20

(c) पूर्व वैदिक समाज के समतावादी स्वरूप में, उत्तर वैदिककाल के दौरान किस प्रकार से परिवर्तन हुए थे?

In what way was the egalitarian character of the early Vedic society changed during the later Vedic period? 15

3. (a) लगभग सातवीं शताब्दी ई० पू० से तीसरी शताब्दी ई० पू० तक आर्थिक संवृद्धि, नगरीकरण एवं राज्य गठन के बीच सम्बन्धों का परीक्षण कीजिए।

Examine the relationship among economic growth, urbanization and State formation from c. 7th century BCE to 3rd century BCE. 15

(b) कुषाणों एवं सातवाहनों के आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण को समकालीन मौद्रिक साक्ष्य किस प्रकार प्रतिबिम्बित करता है?

How does the numismatic evidence of the period reflect the political and economic outlook of the Kushanas and the Satavahanas? 15

(c) ''कुषाणकाल से पूर्व मध्यकाल तक कला के क्षेत्र में हुए परिवर्तन, केवल परिवर्तनशील दृष्टिकोण के प्रतिबिम्ब हैं।'' टिप्पणी कीजिए।

"The changes in the field of art from the Kushana period to early medieval period are mere reflection of changing outlook." Comment. 20

4. (a) प्राचीन भारत में भू-राजस्व प्रणाली के सिद्धान्त और व्यवहार का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the theory and practice of land revenue system in ancient India. 20

(b) ''अभिलेखों में प्रशस्तित राजाओं द्वारा वर्णाश्रम व्यवस्था के परिरक्षण के प्रचुर उल्लेख स्मृति परम्परा का प्रतिबिम्ब मात्र हैं।'' विवेचना कीजिए।

"The copious references to the preservation of Varnashrama system by the kings eulogized in inscriptions are mere reflection of the Smriti tradition." Discuss. 15

(c) वित्तीय संस्थानों के रूप में दक्षिण भारतीय मन्दिरों का पूर्व मध्यकालीन सामाजिक संस्थाओं पर किस प्रकार गहरा प्रभाव पड़ा? समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

How did the temples of South India, as financial institutions, have deep impact on the social institutions of early medieval period? Critically examine. 15

खण्ड—B / SECTION—B

5. *(a)* 'तबक़ात-ए-नासिरी' की विषयवस्तु का मध्यकालीन इतिहास के स्रोत के रूप में मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the contents of the *Tabaqat-i-Nasiri* as a source of medieval history. 10

(b) चोल शासक परान्तक प्रथम के उत्तरमेरुर अभिलेखों के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the significance of the Uttaramerur inscriptions of the Chola King Parantaka I. 10

(c) ज़ाइन-उल-अबिदीन के शासनकाल के जोनराज के वृत्तान्त का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate Jonaraja's account of the reign of Zain-ul-Abidin. 10

(d) अलबेरुनी द्वारा किए गए भारतीय समाज के वृत्तान्त की सत्यवादिता पर टिप्पणी कीजिए।

Comment on the veracity of Alberuni's account of the Indian society. 10

(e) जहाँगीर के शासन के दौरान मुगल चित्रकारी के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

Delineate the development of the Mughal painting during the reign of Jahangir. 10

6. *(a)* पूर्व मध्यकालीन भारत के अस्थायी स्वरूप के संघटकों को स्पष्ट कीजिए।

Explain the ingredients of the transitory nature of the early medieval India. 15

(b) दिल्ली सल्तनत के सुदृढ़ीकरण के लिए सुल्तानों ने किन-किन उपायों की पहल की थी? विवेचना कीजिए।

What measures were initiated by the Sultans for the consolidation of the Delhi Sultanate? Discuss. 15

(c) मुगल विदेश नीति की व्यापक रूपरेखाओं की और मुगल साम्राज्य पर उनके प्रभावों की पहचान कीजिए।

Identify the broad contours of the Mughal foreign policy and their impacts on the Mughal empire. 20

7. *(a)* "शंकर के अद्वैत सिद्धान्त ने भक्तिवाद की जड़ों को ही काट दिया।" क्या आप इससे सहमत हैं?

"The Advaita doctrine of Shankara cut at the very root of Bhaktivada." Do you agree? 15

(b) क्या आपके विचार में सल्तनत शासकों द्वारा चालू किए गए आर्थिक उपाय सामान्य जनमानस के लिए भी लाभदायक थे? उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट कीजिए।

Do you think that the economic measures introduced by the Sultanate rulers were beneficial to the common people as well? Illustrate with examples. 20

(c) फिरोजशाह बहमनी और महमूद गवाँ के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

Assess the contribution of Firoz Shah Bahamani and Mahmud Gawan in the field of education. 15

8. *(a)* क्या आपके विचार में 17वीं शताब्दी के कृषि-भूमि संबंधी संकट के फलस्वरूप मुगल साम्राज्य का विघटन हुआ था? विवेचना कीजिए।

Do you think that the agrarian crisis of the 17th century led to the disintegration of the Mughal empire? Discuss. 20

(b) क्या मुगल साम्राज्य के कमजोर हो जाने या क्षेत्रीय शक्तियों के उदय हो जाने के फलस्वरूप अंग्रेजों को भारत की विजय प्राप्त हुई थी? विवेचना कीजिए।

Was it the weakening of the Mughal empire or the rise of regional powers that led to the British conquest of India? Discuss. 15

(c) क्या यह सत्य है कि राजदरबार की षड्यंत्रकारी गतिविधियों और कमजोर लगान व्यवस्था की वजह से मराठा साम्राज्य का विघटन हुआ था? टिप्पणी कीजिए।

Is it true that the court intrigues and weak revenue system led to the collapse of the Maratha empire? Comment. 15

★★★